"पंजिकृत"

संख्याः शिक्षा–एच(2)बी(19)14 / 2026 –28–एम0एस0सी0
प्रारम्भिक स्कूल निदेशालय,
शिमला, हिमाचल प्रदेश ।

दिनांक– शिमला–171001, जनवरी, 2026

Directorate of School Education
27 JAN 2026
Himachal Pradesh, Shimla-171001

सेवा में,

समस्त उप–शिक्षा निदेशक (उच्च / प्रारम्भिक)
हिमाचल प्रदेश ।

विषयः एम0 एस0 सी0 कोर्स हेतु आवेदन पत्रों के अग्रेषण बारे।

ज्ञापनः

विभाग सत्र 2026 –2028 के लिये पात्र प्रशिक्षित स्नातक अध्यापकों को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में एम.एस.सी. कोर्स हेतु भेजने बारे विचार कर रहा है। अतः उक्त कोर्स में प्रवेश के लिए निर्धारित प्रपत्र पर प्रशिक्षित स्नातक अध्यापकों (विज्ञान) से आवेदन पत्र आमन्त्रित किए जाते है। निदेशालय में आवेदन पत्र पहुॅचने की अन्तिम तिथि 20.4.2026 है। इसके पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। जिन विषयों पर आवेदन करना है, उनके नाम निम्न प्रकार से हैः–

1.गणित 2. भौतिकी 3. रसायन विज्ञान 4. वनस्पति विज्ञान
5. जीव विज्ञान ।

आप अपने स्तर पर चयन करके केवल *चार–चार पात्र उम्मीदवारों* की सूची बनाकर आवश्यक प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियों सहित इस निदेशालय को प्रेषित करें । चयन करते समय निम्न बातों का ध्यान रखें :–

1 सरकार द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 07.08.2024 के अन्तर्गत चयनित अध्यापकों के लिए 40% वेतन देने का प्रावधान रखा गया हैं।

2 चयन सूचियां उप–शिक्षा निदेशक (मैम्बर) द्वारा हस्ताक्षरित एवं अनुमोदित होनी चाहिए।

3 चयन विकल्प एंव वरिष्ठता के आधार पर किया जाए ।

4 अध्यापक अपने विकल्प के आधार पर केवल किसी एक विषय में ही आवेदन हेतु पात्र है।

5 अध्यापक के बी0एस0सी0 मैडिकल / नॉन मैडिकल / गणित में कम से कम 50 प्रतिशत औसत अंक होने अनिवार्य है।

6 अध्यापक की आयु 31.3.2026 को 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

7 पिछले तीन वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट विवरण उत्तम टिप्पणी सहित संलग्न होनी चाहिए।

8 आवेदन पूर्ण रूप से भरा होना चाहिए तथा संस्था के मुखिया से हस्ताक्षरित होना चाहिए। संस्था के मुखिया को हस्ताक्षर करने से पहले सम्बन्धित अध्यापक की प्रशिक्षित स्नातक के पद पर नियमित नियुक्ति की तिथि की पुष्टि सेवापंजिका से करनी होगी तथा सभी आवेदन पत्र संगम पाठशाला के माध्यम से ही आने चाहिए।

9 विभाग अध्यापकों को केवल अध्ययन अवकाश ही देगा। विश्वविद्यालय का सारा खर्च चयनित अध्यापकों को ही वहन करना पड़ेगा।

–कमशः–

10 चयनित अध्यापकों को अध्ययन अवकाश के दौरान वेतन वृद्धि भी देय नहीं होगी, परन्तु कोर्स पूरा करने के उपरान्त सभी प्रकार के लाभ देय होगें।

11 विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सभी नियमों (शैक्षिक व फीस) का पूर्णतया पालन करना होगा।

12 कोर्स पूर्ण होने पर योग्यता के आधार पर किसी भी प्रकार का उच्च वेतनमान या वेतन वृद्धि तथा उच्च पद के लिए दावा स्वीकार नहीं होगा।

13 एम0 एस0 सी0 में प्रवेश (Non–Subsidised /Paid) सीट के अन्तर्गत होगा।

14 अध्यापकों के वरिष्ठता क्रमांक निदेशालय द्वारा जारी अन्तिम वरिष्ठता सूचि के अन्तर्गत होने चाहिए अन्यथा आवेदन पत्र रद्द किया जायेगा।

15 उपरोक्त विषय बारे निदेशालय से सीधा पत्राचार मान्य नहीं होगा।

16. Incharge IT cell to upload website.

निदेशक

रक्षक नस्ति

Directorate of School Education
27 JAN 2026
Himachal Pradesh, Shimla-171001

प्रपत्र

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में एम0एस0सी0 कोर्स 2026–2028 सत्र में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र

1 अध्यापक/अध्यापिका का नाम:

2 दूरभाष नम्बर

3 पिता का नाम

4 स्थाई पता

5 जन्म तिथि (शब्दों व अंकों में)

6 31 मार्च को आयु

7 पाठशाला का नाम जहां कार्यरत है

8 प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक के पद पर नियमित नियुक्ति की तिथि

9 वरिष्ठता क्रमांक

10 शैक्षणिक योग्यता	कुल अंक	प्राप्तांक	प्रतिशतता
1 मैट्रिक			
2 हायर सकैण्डरी/जमा दो			
3 बी.एस.सी.			
4 बी. एड.			
5 एम.एस.सी. के लिए आवेदित विषय में बी.एस.सी.में (औसत अंक)			

11. एम.एस.सी. के लिए आवेदित विषय

12. गत तीन वर्षो का वार्षिक परीक्षा परिणाम

1.

2.

3.

13. गत तीन वर्षो की वार्षिक गोपनीय रिपोर्टस

प्रमाणित किया जाता है कि यदि मेरा चयन उक्त कोर्स हेतु सत्र 2026–2028 के लिए किया जाता है तो

(क) मैं सी.सी.एस. अवकाश नियमावली 1972 के नियम 53(4)(ए)(अ)(बी) के फार्म 7 व 8 के अन्तर्गत निर्धारित शुल्क का बन्द पत्र भरने के लिए बाध्य होऊंगा ।

(ख) इस कोर्स के पूर्ण होने पर मैं प्राप्त योग्यता के आधार पर किसी भी प्रकार का उच्च वेतन/विशेष वेतन वृद्धि तथा उच्च पद के लिए कोई दावा नहीं करूंगा।

आवेदक के हस्ताक्षर तिथि सहित

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती.................................ने उपरोक्त आवेदन पत्र मेरी उपस्थिति में हस्ताक्षरित किया है तथा उपरोक्त सभी विवरण आवेदक की सेवापंजिका में दर्ज प्रविष्टियों के अनुसार सही है तथा आवेदक के विरूद्ध कोई भी विभागीय शिकायत, विभाग से सम्बन्धित मामला लम्बित नहीं है।

संस्था के मुखिया के हस्ताक्षर,
कार्यालय मोहर सहित